महेश नवमी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन

भगवान महेश की पूजा व दीप प्रज्वलन

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती -धनराज लेन स्थित माहेश्वरी भवन में मंगलवार की शाम 5.30 बजे के दौरान महेश नवमी महोत्सव का विधिवत उद्घाटन हुआ. भगवान महेश की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन मान्यवरों के हाथों किया गया. इस अवसरपर मंच पर प्रा.विठ्ठलदास मोहता, डॉ. गोविंद लाहोटी, श्रीमती कुमुद महेंद्र, कु.मिनल लाहोटी व अध्यक्ष संजय करवा, महेश नवमी संयोजक नंदकिशोर राठी, केसरीमल झंवर, जिला सभा अध्यक्ष विजय भांगडिया, वरिष्ठ माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मालाणी, महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति डागा, माहेश्वरी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सचिन राठी आदि उपस्थित थे. सभी मान्यवरों का पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया.

समारोह की प्रस्तावना माहेश्वरी पंचायत उपाध्यक्ष सुरेश साबू ने प्रस्तुत की. माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष विजय करवा ने अपने उद्बोधन में समाज के सभी भाई-बहनों के साथ बुजुर्ग और बच्चों तथा युवाओं को तीन दिन के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहकर समाज की एकता का परिचय देने का आवाहन किया. समारोह का संचालन सीए राजेश चांडक व आभार सुरेश साबू ने माना. इस अवसर पर पंचातय के मधु करवा, प्रचार प्रमुख संजय राठी, नरेश झंवर, विनोद जाजू, नितिन सारडा, सुभाष चांडक, गोपाल राठी, विजयप्रकाश चांडक, सुभाषराठी, जुगलकिशोर राठी, दिनेश भुतड़ा, राजेंद्र सोमाणी, श्याम भैया, सुरेश चांडक, ओम भुतड़ा, विजय लोहिया, शंकर भुतड़ा, दामोदर बजाज, विरेंद्र लढ्ढा, उषा करवा, रूपराय झंवर, घनश्याम सारडा, गोपाल राठी, शंकर लाहोटी, अनिल बंग, मनमोहन राठी, अशोक झंवर, प्रयश लढ्ढा, पुरुषोत्तम कासट, राजू राठी, प्रदीप मोहता, विनोद डागा, पुरुषोत्तम राठी, संजय सारडा, प्रदीप मोहता, पुरुषोतम मुंधड़ा, आनंद मालपानी, कमल बाहेती, शंकर लाहोटी, ठाकुरदास राठी, सुभाष करवा, नंदकिशोर सारडा, डॉ. राजगोपाल मुंधड़ा, कमल राठी, प्रफुल्ल राठी, सुभाष राठी, आकाश लढ्ढा, श्रेयश कलंत्री, नीलेश चांडक, उज्ज्वल बजाज, कमलेश भट्टड़, बालकिसन चांडक, पुष्कर डागा, अनिल लाहोटी, ओम चांडक, रमेश भैया, डॉ. श्याम जाजू, कमलकिशोर मालाणी, ओमप्रकाशभंडारी, हरगोविंद साबू, दिलीप करवा, विजयकिशोर गट्टाणी, प्रा.नंदकिशोर सुदा, डॉ.नंदकिशोर भुतड़ा, विशाल लढ्ढा, तुषार कासट, कुशल राठी, खुशाल कलंत्री, विठ्ठल बागडी, ओम लढ्ढा, संतोष, राजेश चांडक, हुकुम कासट, प्रणित साबू, व्यंकटेश करवा, अजय राठी, यश जाजू, प्रमोद राठी, सुनील मंत्री, उर्मिला कलंत्री, विजया राठी, शोभा बजाज, सरोज चांडक, कंचन तापड़िया, सुनीता करवा, भारती सिकची, शशि मुंधड़ा, पूनम राठी, शकुंतला राठी, कंचन जाजू, गायत्री सोमाणी, चंचल सोमाणी, अर्चना कोठारी, सविता राठी, शीतल राठी, सुनीता लढ्ढा, सोनाली राठी, वनीता डागा, संध्या केला, उषा करवा, पूजा तापड़िया, प्रतिभा तापड़िया, हर्षा बागड़ी, अनीता राठी, पायल सोनी, गीता लाहोटी, श्रध्दा लाहोटी, ऐश्वर्या लाहोटी, पूजा राठी, पुष्पा ठवानी, संगीता राठी, कांता राठी, प्रतिभा मुंधडा, प्रीति लाहोटी, उषा राठी, अंजलि गट्टाणी, संगीता मंत्री, प्रज्ञा सिकची, तृप्ती चांडक, अनु सारडा, प्रीति गट्टाणी, दीपा भुतड़ा, पूनम राठी, संगीता टवानी, नीता करवा, किरण गट्टाणी, कीर्ति गट्टाणी, मनोरमा बियाणी, सोनल नावंदर, उर्मिला गांधी, रश्मि मुंधड़ा, शोभा बियाणी, सरिता सोनी, निशा राठी, शोभा चांडक, नीता जाजू, संतोष गट्टाणी, आरती सोनी, पायल करवा, कोमल भुतड़ा, दीप्ति करवा, अर्चना लाहोटी, प्रेरणा सादानी, वर्षा राठी, सलोनी कासट, अमृता मालू, साक्षी मुंधड़ा, अधि. तृप्ति चांडक, गंगोत्री गंगन, गीता लढ्ढा, अधि. सोनल चांडक, डॉ. आभा लाहोटी, सोनाली राठी, रत्ना बंग, पूनम राठी, जया बजाज, पूजा तापड़िया, निशा जाजू, भूमि बजाज, हार्दिका मुंधड़ा, सिध्दि मुंधड़ा, पारवी राठी, श्रेयाराठी, निधि राठी, मानसी तापडिया, श्रिदा हेडा, श्रेया बाहेती, धनवी गंगन, रोशना बाहेती, कविता बागड़ी, राधिका बागड़ी, मनीषा जाजू, जया चांडक, सपना गट्टाणी, कविता मुंधड़ा, सीमा हरकुट, पूजा करवा, साक्षी मुंधड़ा, नेहा झंवर, नेहा नावंदर, पूर्वा कोठारी, रिंकल साबू, गायत्री तापड़िया, अर्चना कोठारी, सोनिया भैया, कीर्ति सोनी, किरण गटटाणी, माया जाजू, गंगोत्री गंगन आदि उपस्थित थे.

आज दिल से दिल तक

बुधवार, 20 जून को महेश नवमी महोत्सव के दूसरे दिन सुबह 6 बजे आईएमए हाल से कोर्ट तक समाज एकता दौड़ होगी. शाम 4 बजे नासिक के वक्ता उद्योग व्यापार के क्षेत्र में भविष्य की नयी संभावनाओं पर मार्गदर्शन करेंगे. पश्चात माहेश्वरी नवयुवक मंडल के महेश एप का विमोचन होगा. शाम 6 बजे दिल से दिल तक (रिश्तों की डोर संभालो दोनों छोर) यह आकर्षक नाटिका प्रस्तुत की जाएगी. सभी कॉलोनियों के अभिनेता व नर्तक सहित 65 सदस्यों की टीम यह प्रस्तुति देगी. इसकी संकल्पना अध्यक्षा प्रीति डागा, लेखिका सुनीता करवा, निर्देशक गणेश बूब व विशेष सहयोगी दीप्ति करवा, डॉ. आभा लाहोटी व पायल करवा हैं. सामाजिक एकता को साकार करने की यह सराहनीय प्रेरणादायी कहानी नाटिका द्वारा मंचित की जाएगी.

सर्च ऑपरेशन: हमले से बचने के लिए सेना ने...

पत्थरबाजों को बनाया ढाल

श्रीनगर,एजेंसी, 19 जून- जम्मू-कश्मीर में सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान पत्थरबाजी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. घाटी में सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बार फिर पत्थरबाजी का मामला सामने आया है. इस बार सेना ने पत्थरबाजों के हमले से खुद को बचाने और फिर से पथराव करने वाले चार युवकों को गाड़ी के सामने बैठा दिया. पत्थरबाजों को कथित ह्यूमन शील्ड बनाने की इस घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह विडियो दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले का है, जहां सेना ने बीते दिनों संबूरा गांव में एक सर्च ऑपरेशन चलाया था. सूत्रों के मुताबिक सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ पत्थरबाज जवानों पर पथराव कर इसमें खलल डालने का प्रयास करने लगे. इस दौरान आतंकियों को भागने का मौका ना देने के लिए सेना ने कुछ पत्थरबाजों को पकड़कर इनमे से 4 को एक वाहन के सामने बैठा दिया.इस फैसले से पत्थरबाजी की घटना रुक गई और उपद्रवियों की भीड़ में शामिल युवाओं ने इसका विडियो बनाना शुरू कर दिया.

विडियो की जांच

इस विडियो के सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच की जा रही है और इसकी रिपोर्ट के बाद ही विडियो के संबंध में आधिकारिक बयान दिया जा सकेगा. बता दें कि कश्मीर में सबसे पहले बडगाम जिले में मेजर लीतुल गोगोई नेएक पत्थरबाज को ह्यूमन शील्ड बनाया था. . उस दौरान सेना के मेजर लीतुल गोगोई की इस कार्रवाई के बाद कई लोगों ने इसकी आलोचना की थी, जबकि सोशल मीडिया पर तमाम लोगों ने इस कदम को आत्मरक्षा की एक रणनीति के रूप में माना था.

राष्ट्रपति की बजाए क्यों लगता है राज्यपाल शासन

दिल्ली , एजेंसी, 19 जून- जम्मू कश्मीर में पीडीपी से भाजपा के अलग होते ही जल्द यहां राज्यपाल शासन लागू होगा. सरकार गिरने के बाद यहां राष्ट्रपति शासन न लगकर राज्यपाल शासन लगता है. ऐसी स्थिति में देश के अन्य राज्यों में भारतीय संविधान की धारा 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है लेकिन जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाया जाएगा.

दरअसल, कश्मीर के संविधान के सेक्शन 92 के मुताबिक, राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता के बाद भारत के राष्ट्रपति की मंजूरी से 6 महीने के लिए राज्यपाल शासन लगाया जा सकता है. राज्यपाल शासन के दौरान या तो विधानसभा को निलंबित कर दिया जाता है या उसे भंग कर दिया जाता है.

राज्यपाल शासन लगने के 6 महीने के भीतर अगर राज्य में संवैधानिक तंत्र दोबारा बहाल नहीं हो पाता है तो भारत के संविधान की धारा 356 के तहत जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन के समय को बढ़ा दिया जाता है और यह राष्ट्रपति शासन में तब्दील हो जाता है. मौजूदा परिस्थिति को मिलाकर अब तक जम्मू-कश्मीर में 8 बार राज्यपाल शासन लगाया जा चुका है.

कब-कब हुआ ऐसा

मार्च 1977 : पहली बार 1977 में यहां राज्यपाल शासन लगा, तब नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता शेख अब्दुल्ला ने कांग्रेस से गठबंधन तोड़ा था. उस समय राज्यपाल शासन की अवधि 105 दिन रही थी.

मार्च 1986 : दूसरी बार ऐसा साल 1986 में हुआ जब सरकार ने विधानसभा में बहुमत खो दिया था. इस दौरान राज्यपाल शासन की अवधि 246 दिन रही.

जनवरी 1990 : संवैधानिक तंत्र ऐसा भंग हुआ कि इस बार छह साल के लिए सूबे में राज्यपाल शासन रहा. कुल मिलाकर यह अवधि छह साल 264 दिनों की रही.

अक्टूबर 2002 : इस बार मात्र 15 दिनों के लिए राज्यपाल शासन रहा जो कि चुनावी नतीजों के आने तक की परिस्थिति में हुआ.

जुलाई 2008 : इस दौरान कुल 178 दिन राज्यपाल शासन में बीते, तब कांग्रेस और पीडीपी के बीच गठबंधन टूटा था. उस दौरान कांग्रेस के मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद थे.

जनवरी 2015 : चुनावी परिणाम के बाद सरकार बनने की दिक्कत से यहां राज्यपाल शासन लगा. 51 दिन बीत जाने के बाद ही भाजपा और पीडीपी एक साथ आए थे.

जनवरी 2016 : तत्कालीन मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की मौत के चलते ऐसा हुआ. तब 87 दिनों के लिए यहां राज्यपाल शासन लगा था.

प्रतियोगिताओं में निखरी बच्चों की प्रतिभा

पृष्ठ 8 से जारी -बजाज, गुंजन राठी, हर्ष मालानी, हर्षित जाखोटिया, चेतन मालाणी, व्यंकटेश करवा, मृणाल चांडक, मधु झंवर, सुरेश मुंधड़ा, प्रणित साबू, वैष्णवी सारडा, इशा राठी, कृष्णा राठी, प्रीत झंवर, इशिता टवानी, पुर्वेश डागा, नमानी मंत्री, निकुंज सोनी, कृपा मंत्री, आदित्य बजाज, मनमोहन इनाने, श्लोक हेडा, सृष्टि सारडा, देवांश जाखोटिया, मिहिका जाखोटिया, अंश हेडा, मधुर सोनी, शुभ सारडा, हर्षिता मोहता, आदित्य मुंधड़ा, रितिका सारडा, वंश राठी, रौनक राठी, रितेश राठी, माधव लढ्ढा, कनक सोमाणी, आदित्य मालानी, गौरव राठी, हर्ष जाखोटिया, दर्श जाखोटिया, क्रिश सुदा, राधे बूब, यश मालानी, हर्ष मालानी, मृणाल चांडक, तपिश सोनी, मीत भट्टड़, कनक डागा, भाविका जाखोटिया, आरोही चांडक, नमानी चांडक, तेजस सोमाणी, श्रेया सोमाणी, यश जाजू, चैतन्य चांडक आदि ने सहभाग लिया. भजन स्पर्धा में बच्चों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता में प्रथम दो विजेताओं को विशेष पुरस्कार व स्मृतिचिन्ह तथा सहभाग लेने वाले सभी को प्रोत्साहन पर आकर्षक गिफ्ट प्रदान किया गया.

आज 170 कन्याओं का पूजन

पृष्ठ 8 से जारी -टवानी, संगीता राठी, शकुंतला राठी, रजनी सारडा, संध्या राठी, संध्या मुंधड़ा, सुनीता लढ्ढा, अर्चना भैया, प्रेमा साबू, प्रीति बाहेती, सीमा मुंधड़ा, राधिका अटल, लता मुंधड़ा, प्रेमा करवा, प्रतिभा काकाणी, किरण राठी, पूजा तापड़िया, शांता दरल, अरुणा भट्टड़, संगीता मालाणी, रीमा झंवर, रितिका काबरा, माधवी करवा, उषा राठी, वैशाली भट्टड़, मंगला तापड़िया, प्रीति मालपानी आदि प्रयासरत हैं.

कश्मीर में बड़ी कार्रवाई की तैयारी

पहले पन्ने से जारी - दया जा सकता है. इसके लिए सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस दक्षिण कश्मीर के कुछ जिलों में बड़े स्तर पर अभियान चलाने की तैयारी भी कर रही है. माना जा रहा है कि सेना के जवान औरंगजेब और पत्रकार शुजात बुखारी की हत्या की वारदातों के बाद सेना दक्षिण कश्मीर में कुछ बड़े ऑपरेशंस को अंजाम दे सकती है. इसके अलावा आने वाले दिनों में पैरा स्पेशल फोर्सेज के साथ ऑपरेशन किल टॉप कमांडर और ऑपरेशन ऑल आउटद्ध जैसे कुछ नए ऑपरेशंस भी शुरू किए जा सकते हैं.

सियासी दखल नहीं: सेना के इन ऑपरेशंस के अलावा दक्षिण कश्मीर में पत्थरबाजों पर बड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है. 2016 की हिंसा के दौरान कश्मीर में बीजेपी-पीडीपी सरकार के दौरान 9 हजार से अधिक पत्थरबाजों पर केस दर्ज हुए थे. कुछ महीनों बाद महबूबा सरकार ने सैकड़ों पत्थरबाजों पर से मुकदमे वापस ले लिए थे. इस फैसले के बाद भाजपा सरकार को कई मोर्चों पर विरोध और आलोचना का सामना करना पड़ा था. ऐसे में अब 2019 के चुनाव तक पत्थरबाजों पर कार्रवाई पर कोई सियासी दखलंदाजी नहीं होगी. इसके साथ-साथ ऐसे फैसले की स्थिति में देशभर में भाजपा को इससे फायदा भी मिल सकेगा.

कश्मीर में सरकार गिरी, लगेगा राज्यपाल शासन

पहले पन्ने से जारी - डोभाल के साथ बैठक की थी.डोभाल से मुलाकात करने के कुछ घंटे बाद ही भाजपा ने सरकार गिरा दी. कोर ग्रुप की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में भाजपा के कश्मीर प्रभारी पार्टी महासचिव राम माधव ने कई तोहमतें पीडीपी पर लगाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के ताजा हालात पर चर्चा हुई उसके बाद पार्टी ने यह फैसला लिया.

जमकर बरसी महबूबा : शाम चार बजे पीडीपी की बैठक में महबूबा भाजपा पर जमकर बरसी. महबूबा ने कहा कि घाटी में डराने-धमकाने और बाहुबल की नीति नहीं चलेगी. हमें किसी पार्टी की जरूरत नहीं है. न ही किसी गठबंधन की. सीएम ने इसी के साथ कहा कि सालों बाद लोग यहां सुकून से जी रहे थे. हमने तो राज्य को मुसीबतों से उबारने के लिए गठबंधन किया था, पर भाजपा वैसा नहीं चाहती है.

रिपोर्ट का इंतजार : माना जा रहा हे कि राज्यपाल से ताजा हालात पर रिपोर्ट मिलने के बाद बुधवार-गुरुवार को केंद्र सरकार कश्मीर में चार दशक में आठवीं बार राज्यपाल शासन लगाए जाने का फैसला अमल में लाएगी.

रिटायर पुलिस अधिकारी बने वकील

पत्रकारों के केस लड़ेंगे नि:शुल्क

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती- पुलिस विभाग से रिटायर होने के बाद वकील बनने वाले रामभाऊ खराटे ने पत्रकारों के किसी भी प्रकार के केसेस नि:शुल्क लड़ने की घोषणा की, राजापेठ पुलिस थाने से बतौर एपीआई पद से सेवानिवृत्त हुए खराटे ने आर्मी में रहते हुए एलएलओ की परीक्षा पूर्ण की, नाममात्र मानधन में

गली-गली की खबर लोगों तक पहुंचाने का कार्य करने वाले पत्रकारों पर किसी प्रकार की कानूनी समस्या आने पर अधि. खराटे उसकी केस नि:शुल्क लड़ेंगे.

डॉ.सुनील देशमुख व संचेती कुछ खफा-खफा

पृष्ठ 8 से जारी -बैठे हैं. इतने लंबे इंतजार के बाद अब जब उन्हें कुछ दिया भी गया है तो एक बोर्ड का अध्यक्ष पद भर. इससे उनके चाहने वालों में खुशी की बजाय मायूसी का माहौल है.

आगामी राजनीति पर प्रतिकूल परिणाम : सूत्र बताते हैं कि जब सुनील देशमुख से सिंचाई मंडल के इस पद को लेकर पूछा गया तो उन्होंने इसमें कतई रुचि नहीं दिखाई थी. बताया जाता है कि खुद मुख्यमंत्री द्वारा उनसे इस संदर्भ में आग्रहपूर्ण भूमिका रखने पर दबे मन से डॉ. सुनील देशमुख ने हामी भरी. पर वे इस पद से नाखुश हैं. इधर ये पता चला है कि विधायक डॉ.अनिल बोंडे को राज्य मंत्रिमंडल विस्तार में कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलवाई जा सकती है. हालांकि बोंडे दो बार मोर्शी-वरुड़ निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आए हैं और तीसरी बार भी वे प्रबल दावेदार हैं. यदि सुनील देशमुख सिंचाई महामंडल के उपाध्यक्ष, चैनसुख संचेती विदर्भ विकास महामंडल के अध्यक्ष और डॉ.अनिल बोंडे कैबिनेट मंत्री ऐसा समीकरण रहता है तो भाजपा की आगामी राजनीति में इसका प्रतिकूल परिणाम हो सकता है. हालांकि इस संदर्भ में होने वाले परिणामों के संदर्भ में आज ही कुछ कहना उचित नहीं है, पर दूरगामी दृष्टिकोण से देखा जाए तो इन नियुक्तियों से कम से कम पश्चिम विदर्भ में भाजपा की भावी रणनीतियों में भाजपा को फेरबदल करने की नौबत आ सकती है.

रेप केस में फंसे आजम खान के समधी

लखनऊ, एजेंसी, 19 जून- समाजवादी पार्टी के प्रभावशाली नेता आजम खान के समधी के खिलाफ रामपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई हैं. उस पर उसके बेटे की बहू ने उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने, रेप और मारपीट करके भ्रूण हत्या करने का संगीन आरोप लगाया है.आजम खान के बड़े बेटे की ससुराल शहर के सिविल लाइंस मोहल्ले में है. आरोप है कि रिजवान मोहम्मद खान किसी न किसी काम से बेटे को बाहर भेज देता था. इसके बाद घर में बहू को अकेला पाकर उसके साथ रेप करता था. कई बार उसने अप्राकृतिक यौन संबंध भी बनाए. पीड़िता का आरोप है कि उसका हैवान ससुर अप्राकृतिक सेक्स से पहले उसे नशीला इंजेक्शन भी दिया करता था.पुलिस ने धारा 377, 323, 504, 506, 313 में मुकदमा दर्ज कर लिया है.

42 ट्रेनें कर दीं रद्द

बनारस, एजेंसी, 19 जून- वाराणसी रेलवे स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन बनासे के काम के चलते 42 ट्रेने रद्द कर दी गई हैं. इनमें मुंबई, बिहार, एमपी, पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि जगह जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं.

ट्रक चालक को लूटने वाले गिरफ्तार

लोणी पुलिस की कार्रवाई

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - राष्ट्रीय महामार्ग पर ट्रकचालक को लूटने वाले आरोपी मो.साबिर मो.मुसा (30, सागर नगर) व अशफाक बेग हमजा बेग (51, अलीम नगर) को लोणी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. मंगलवार को भेटाराम जेटाराम जाट (28, वाडनेर, राजस्थान) ने पुलिस में शिकायत दी कि वह ट्रक आरजे-04/जीबी-6417 से उड़ीसा से स्टील लेकर मुंबई जा रहा था. लोणी के पास संदीप ढाबे के पास दुपहिया सवार दो लोगों ने ट्रक रोका और चालक को पीटने लगे. उसकी जेब से 8 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए. पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज किया और वाशिम जाने वाले मार्ग पर आरोपियों का पीछा किया. नागझरी फाटा के पास पुलिस ने नाकाबंदी लगाई तब आरोपी दुपहिया सवार पुलिस को देखकर एक होटल में घुस गए. संदेह के आधार पर दोनों को हिरासत में लेने पर दोनों ने लूट की बात कबूली. इतना ही नहीं, दुपहिया अमरावती शहर से चुराने की बात भी कबूली. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

कार के लिए तोड़ा विवाह

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - सगाई के बाद दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार की मांग पूर्ण न होने पर विवाह तोड़ने का मामला सामने आया है. नांदगांव पेठ पुलिस ने सागर अशोकराव मुने, अशोक दादाजी मुने (दोनों वणी यवतमाल), विकास अशोक मुने (मानेवाड़ा नागपुर), प्रकाश सांभारे (देशपांडे वाड़ी) व एक महिला के खिलाफ 3, 4 दहेज प्रतिबंधक कानून के तहत अपराध दर्ज किया है. आरोपी सागर मुने का विवाह पीड़ित के साथ निश्चित हुआ था. सगाई के बाद आरोपियों ने कार की मांग की थी. जब तक कार नहीं मिलती शादी न करने की भूमिका रखी. ऐसा कहकर विवाह तोड़ दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

ग्रेजुएट बाबा अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर

प्रतिनिधि, 19 जून

अमरावती - कांता नगर स्थित सरकारी वसाहत में गैरकानूनी तरीके से रह रहा ग्रेजुएट बाबा (पवन महाराज घोंगडे) अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है. गाड़गे नगर पुलिस ने 11 लोगों के

पुलिस ने दर्ज किए 11 समर्थकों के बयान

बयान दर्ज किए हैं.

पवन महाराज ने दैवीय शक्ति और तंत्र विद्या का जानकार होने के नाम पर लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर लाखों की माया भी जमा की है.

अंधश्रध्दा निर्मूलन समिति द्वारा ढोंगी बाबा पवन महाराज के गोरखधंधे का पर्दाफाश करने के बाद से महाराज फरार है.